FREE COACHING / ફ્રી કોચિંગ
PMT / PET
લઘુમતી કાર્ય મંત્રાલય, ભારત સરકાર
અંતર્ગત
લઘુમતી વિદ્યાર્થીઓ કે જેઓ
મુસ્લિમ, ક્રિશ્ચિયન, શીખ, બુદ્ધ, જૈન અને પારસી માટે
PMT / PET ના ફ્રી કોચિંગ
કોર્સનો સમયગાળો : ૬ મહિના
સ્ટાઇપેંડ : ૨૫૦૦/- દર મહિને
કુટુંબની આવક : વાર્ષિક ૬ લાખ કરતાં ઓછી
શૈક્ષણિક લાયકાત : ધોરણ ૧૨ સાયન્સમાં અભ્યાસ કરતા હોવો જોઈએ.
રસ ધરાવતા યોગ્ય ઉમેદવારોએ નીચે દર્શાવેલ પુરાવાઓ સાથે સંપર્ક કરવો...
પુરાવાઓ :-
૧. આધારકાર્ડની ઝેરોક્ષ
૨. પાસપોર્ટ સાઈઝ ફોટો ૧
૩. ધો. ૧૦ અને ધો. ૧૧ ની માર્કશીટની ઝેરોક્ષ
૪. વિદ્યાર્થીની બેંક પાસબુકની ઝેરોક્ષ
૫. આવકનો દાખલો
અન્ય માહિતી માટે નીચે મુજબ સંપર્ક કરવો....
સંસ્થાનું નામ : શ્રી ગુજરાત એજ્યુકેશન ટ્રસ્ટ
એડ્રેસ : બીજો માળ, મનીષા બિલ્ડીંગ,
નવયુગ કોલેજ ની સામે
રાંદેર રોડ, સુરત
શાખા : અઠવાલાઇન્સ : ૫૦ સીટ, ભાગળ : ૫૦ સીટ,
રાંદેર : ૫૦ સીટ
મોબાઈલ નંબર : ૮૪૬૯૩ ૯૨૯૮૨, ૯૧૭૩૩ ૪૯૯૮૯
ઈમેલ : biz@sgit.edu.in
વેબ સાઈટ : www.shreegst.org

मुफ़्त कोचिंग
पीएमटी / पीईटी
के लिए
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकारके
पीएमटी / पीईटी की मुफ्त कोचिंग
पाठ्यक्रम की अवधि: 6 महीने
वेतन: 2500 / - प्रति माह
पारिवारिक आय: 6 लाख से कम सालाना
शैक्षणिक योग्यता: वर्तमान में कक्षा 12 विज्ञान में अध्ययन।
इच्छुक उम्मीदवार नीचे दिए गए सबूतों से संपर्क करें।
सबूत: -
1. आधार कार्ड की नकल
2. फोटो आकार का फोटो 1
3. कक्षा 10 और कक्षा 11 की मार्कशीट कि नकल
4. छात्र के बैंक पासबुक कि
5. आय का प्रमाण
अन्य जानकारी के लिए कृपया नीचे संपर्क करें।
संस्थान का नाम: श्री गुजरात एजुकेशन ट्रस्ट
पता: दूसरी मंजिल, मनीषा
बिल्डिंग नवयुग कॉलेज के सामने रांदेर रोड रांदेर सूरत
शाखा: Athwalines : 50 Seats, Bhagal : 50 Seats, Rander : 50 Seats
मोबाइल नंबर 8469392982,9173349989
ईमेल: biz@sgit.edu.in वेब साइट: www.shreegst.org

FREE COACHING
For
(PMT & PET)
Sponsored By
Ministry Of Minority Affairs, Government Of India
Under
Free Coaching And Allied Scheme
For Minority Students Belonging To Muslims, Christians, Sikhs, Buddhists, Jains & Parsis
Stipend - Rs 2500 Per Month (for Non Residential Courses Only)
Course Duration - 6 Months
Famaily Income - Not More Then Rs. 6.00 Lakh Per Annum
Educational Qulification - 12 Science
Interested Eligible Candidates Contact With The Below Documents
Documents -
1) Copy Of Aadhaar Card
2) Passport Size Photo One
3) Copy Of Std. 10 & 11th Marksheet
4) Student's Bank Passbook
5) Income Certificate
For Fuether Details Please Contact :-
Name Of Organization : Shree Gujarat Education Trust
Address : 2nd Floor, Manisha Building, Opposite Navyug Collage
Rander Road , Rander, Surat.
Branch : Athwalines : 50 Seats, Bhagal : 50 Seats,
Rander : 50 Seats
Contact Number : 84693 92982 / 91733 49989
Email : biz@sgit.edu.in
Website : www.shreegst.org

कोसंबा पुलिस नंदाव गांव की हद में 1 लाख 60 हजार की मदिरा पकड़ी

अन्नेलाल यादव / कोसंबा। पुलिस महानीरीक्षक व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोसंबा पुलिस प्रोहिबिशन का केस ढूंढने हाईवे पर पेट्रोलिंग में थी तभी पुलिसकर्मी हेमंत बाबाभाई को सूचना मिली कि खरोड़ लैंडमार्क होटल के पीछे रहनेवाला पिंटू भैया उर्फ रिंकू अवधेश यादव मारुतिवेन में मदिरा भरकर नंदाव गांव के अंतरगत रास्ते पर खड़ा है। पुलिस त्वरित मौके पर पहुंची जिससे वह कार को छोड़कर भाग निकला। जांच दौरान कार संख्या जीजे6 एएच 1747 से 648 विभीन्न ब्रांड के टीन बोतल जिसकी कीमत 105120 व कार की कीमत 60 000 कुल165120 रुपए का माल-सामान पुलिस बरामद की है। पिंटू उर्फ रिंकू अवधेश यादव को पुलिस वांटेड घोषित की है। शराब की खेप पकड़ने में पीएसआई पी.एच.नायी के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मी हेमंत बाबाभाई, धर्मेश रमेशभाई,सती, भरतभाई,धर्मेश अरविंदभाई का समावेश था।

ज्ञान-चरित्र से नहीं मान्यता से चलता है सांसारिक रुपी जीवन : मुनि पुलकसागर

लोकतेज संवाददाता

सूरत। शहर के पर्वत पाटिया स्थित चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में भारत गौरव वर्षायोग समिति 2019 द्वारा आयोजित 'आध्यात्मिक पाठशाला' में सोमवार को भारत गौरव राष्ट्र संत मुनि पुलकसागरजी महाराजजी ने कहा कि समाज यानी संगठन में वह शक्ति है जो सभी को झुकने पर मजबूर कर देती है। दुनिया का सारा खेल मान्यता पर निर्भर करता है। आप यानी समाज के लोग जब किसी को मानते तब उसका महत्व होता है। जब कोई कुछ बनने की मान्यता कर लेता है तब वह उसका ज्ञान लेना शुरु करता है। मान्यता के बाद ज्ञान शुरु होता है और इसके बाद चरित्र आता है। महाराजजी ने कहा कि बेटा बाप को बाप न माने और बहु सास को सास न माने तो क्या बाप-बेटा और सास-बहु का रिश्ता बरकरार रहेगा। बहु बनने के बाद ही ससुराल का ज्ञान होता है। मान्यता कर लेने के बाद ज्ञान शुरु होता है और धीरे-धीरे चरित्र की ओर बढ़ने लगती है। ज्ञान बढ़ने से चरित्र ठीक होता है। इस लिये ज्ञान चरित्र से नहीं मान्यता से सांसारिक रुपी जीवन चलता है। महाराजजी ने कहा कि जिस तरह इंजीनियर बनने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज और डॉक्टर बनने के लिये मेडिकल कॉलेज में जाकर शिक्षा लेनी पड़ती है। उसी तरह भगवान का दास बनने के लिए मंदिरों एवं आध्यात्मिक गुरुओं के शरण में जाना पड़ता है। इंजीनियरिंग-मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स का छात्र पहुंच जाये तो क्या ज्ञान अर्जित कर पायेगा? नहीं, कारण कि उसकी मान्यता ही इंजीनियर-डॉक्टर बनने की नहीं है। उसी तरह जिसमें धर्म के प्रति आस्था नहीं है ऐसे लोग जब मंदिर में पहुंच जाते हैं तो वहां पर धर्म की बातें कम राजनीति ज्यादा होने लगती है। जब तक आपके अंदर भगवान बनने यानी आध्यात्मिक गुरु अथवा भगवान अरिहंत का कृपापात्र दास बनने की मान्यता नहीं आई तो आप का पूजा-पाठ सब शून्य है।

भगवान को देखने से कोई भगवान नहीं हो सकता और जज को देख लेने मात्र से कोई जज नहीं बन सकता है। इसके लिए वैसी मान्यता रखनी पड़ती है। भारत गौरव वर्षायोग समिति के मीडिया प्रभारी अशोक बड़जात्या (सूरत) ने यह जानकारी एक विज्ञप्ति में दी है।

सुप्रभात

ललित शर्मा

प्रकृति संरक्षण के लिए मोदी आएंगे मेन वर्सेस वाइल्ड में नजर

डिस्कवरी चैनल का एक मशहूर शो है, मेन वर्सेस वाइल्ड, जिसे बेयर ग्रिल्स होस्ट करते है। इस शो में ग्रिल्स को दुर्गम जंगलों में छोड़ दिया जाता है, जहां वो जिंदगी के लिए जद्दोजहद करते है। इस शो में ऐसी कई जगह बताई जाती है जहां जिंदगी बचाना किसी जंग लड़ने से कम नहीं है। विषम परिस्थितियों में वन में वन्य प्राणियों के साथ जीवन को दिखाने वाले इस शो की बहुत प्रसिद्धि है तथा पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा भी इस एडवेंचर शो में ग्रिल्स के साथ पार्टिसिपेट कर चुके है।

कल विश्व टाइगर दिवस था। इस अवसर पर मेन वर्सेस वाइल्ड के होस्ट बेयर ग्रिल्स ने अपने ट्विटर अकाउंट पर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी भारत में वन्य जीव संरक्षण और पर्यावरण में होने वाले बदलाव पर इस कार्यक्रम में दिखेंगे। इस कार्यक्रम में बेयर ग्रिल्स प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत की समृद्ध प्राकृतिक विविधता और प्रकृति संरक्षण उपायों पर भी चर्चा करते नजर आएंगे। इस कार्यक्रम का टीजर भी उन्होंने जारी किया।

12 अगस्त को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम के टीजर में प्रधानमंत्री का बिल्कुल अलग अंदाज नजर आ रहा है। वह बेतकल्लुफ अंदाज में हंसते और चर्चा करते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी शो के मिजाज के अनुसार स्पोर्ट्स ड्रेसअप में हैं और ग्रिल्स के साथ छोटी सी नाव में नदी पार करते, जंगल की चढ़ाई करते दिख रहे हैं। शिकार और दूसरे कामों के लिए ग्रिल्स अपने शो में जंगल में मौजूद चीजों से ही उपकरण बनाते हैं और इसकी भी छोटी सी झलक भी इस प्रमोशनल वीडियो में है।

इस पूरे कार्यक्रम में पशु संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी देने की कोशिश की गई है। प्रधानमंत्री ने भी ट्वीट करके कहा कि भारत में हरे भरे जंगल, विविध वन्यजीव, खूबसूरत पहाड़ और शक्तिशाली नदियां मिलती हैं। इस कार्यक्रम को देखकर भारत के कई क्षेत्रों का दौरा करने और पर्यावरण संरक्षण के बारे में सोच सकते हैं। उन्होंने ट्वीट में बेयर ग्रिल्स का भी इसके लिए शुक्रिया अदा किया।

लेकिन हमारे देश में इस पर भी राजनैतिक आरोप प्रत्यारोप प्रारम्भ हो गए। इस कार्यक्रम का टीजर जारी होते ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया है। कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने बेयर ग्रिल्स के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा कि जब पुलवामा में 44 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे प्रधानमंत्री के पास इस कार्यक्रम के लिए शूटिंग करने का वक्त था। वो इसे इतना एन्जॉय कर रहे थे कि इस हमले के बारे में सूचना मिलने के बाद भी उन्होंने शूटिंग जारी रखी, देखिए इस ट्रेलर में वो कैसे व्यस्तताओं से हंस रहे हैं।

ऐसे ही कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी पीएम पर निशाना साधते हुए डिस्कवरी से इस बात को सार्वजनिक करने को कहा। जवाब में भाजपा ने प्रधानमंत्री का 14 फरवरी का पूरा शेड्यूल ही जारी कर दिया।

वैसे यह अभिनव प्रयोग है तथा इसके लिए प्रधानमंत्री का स्वागत करना चाहिए। वर्तमान में प्रकृति संरक्षण की महती आवश्यकता है। इस विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से

सावण गोठ एवं सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजित

जैन धर्म में संयम पूर्वक जीने व समाधि पूर्वक

Scanned by CamScanner